अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

E-mail-rcdse00@gmail.com, Mob-9470001341

पत्रांक : ____________/दरभंगा, दिनांक : ____________

प्रेषक,

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ अंचल, दरभंगा।

सेवा में,

मुख्य अभियंता, उत्तर,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

विषय :– अनापत्ति प्रमाण–पत्र के संबंध में।

प्रसंग :– श्री नीतीश मिश्रा, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार का पत्रांक–103/2021 दिनांक–07.03.2021 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–1565(अनु0) दिनांक–27.08.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से माननीय पूर्व मंत्री, बिहार सरकार श्री नीतीश मिश्रा द्वारा विदेश्वरस्थान–झंझारपुर–रामपुर–मोहना पथ में पड़ने वाले पथांश रामचौक से लेकर मदरसा चौक तक (लगभग 1 कि.मी.) में नाला निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के लिए अनुरोध पत्र दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस NOC के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–1565(अनु0) दिनांक–27.08.2020 द्वारा प्रस्ताव समर्पित किया गया था।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त वर्णित के संबंध में अग्रतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु0-यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

ज्ञापांक : 686(अनु0)/दरभंगा, **दिनांक :** 17/03/2021

प्रतिलिपि :– श्री नीतीश मिश्रा, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0 :– यथोक्त।

17-03

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

Nam
17/03/21

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

E-mail-rcdse00@gmail.com, Mob-9470001341

पत्रांक : 1565 अनु० दरभंगा, दिनांक : 27/08/2020

प्रेषक,

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ अंचल, दरभंगा।

सेवा में,

मुख्य अभियंता, उत्तर,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

विषय :— *अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।*

प्रसंग :— कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी का पत्रांक—1233(अनु0) दिनांक— 17.08.2020

महाषय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मधुबनी द्वारा अपने प्रमण्डलान्तर्गत पड़ने वाले पथ विदेष्वरस्थान— झंझारपुर—रामपुर—मोहना चौक पथ में पड़ने वाले राम चौक से मदरसा चौक तक लगभग एक कि.मी. पथांष में नाला निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण—पत्र हेतु अनुरोध पत्र समर्पित किया गया है।

कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी के प्रतिवेदनानुसार कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत झंझारपुर के पत्रांक—491(अनु0) दिनांक—04.08.2020 द्वारा वर्णित योजना का प्राक्कलन ~~प्राक्कलन~~ design एवं ~~नक्शा~~ drawing तैयार कर संलग्न किया गया है। प्राप्त प्रस्ताव अग्रतर कार्रवाई हेतु सभी कागजात संलग्न कर मूल में समर्पित की जा रही है।

अनु0 :—यथोक्त।

विश्वासभाजन

27.8.20

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

ज्ञापांक : 1565 / दरभंगा, दिनांक : 27/08/2020

प्रतिलिपि :— कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी के सूचनार्थ प्रेषित।

27.8.20

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 103/2021
Dt- 07-03-2021

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ अंचल, दरभंगा।

विषयः– **अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल मधुबनी के पत्रांक 1233 (अनु0) मधुबनी दिनांक 17.08.2020 के माध्यम से निर्गत पत्र में झंझारपुर नगर पंचायत के क्षेत्राधीन पड़ने वाले पथ निर्माण विभाग की सड़क विन्देश्वर स्थान–झंझारपुर–रामपुर चौक मोहना पथ में पड़ने वाले "राम चौक से लेकर मदरसा चौक" तक (लगभग 1 कि.मी.) पथांश में नाला निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित है।

ज्ञात है कि इसके लिए कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, झंझारपुर, के पत्रांक–1891/अनु0 दिनांक 04.08.2020 के द्वारा वर्णित योजना का प्राक्कलन सहित (डिजाईन एंड ड्रॉईंग) तैयार कर कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत पत्र के 6 माह बीत गये है लेकिन अभी तक अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया है, जिस कारण नाला निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। ज्ञातव्य है कि आगामी 3 माह में बरसात आ जाने के कारण नाला निर्माण कार्य बाधित रहेगा।

अतः अनुरोध है कि निर्गत पत्र के आलोक में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(संलग्न–निर्गत पत्र की छायाप्रति)

(नीतीश मिश्रा) 7.3.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in